RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/05/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

पीड़ित लोगों का पुनर्वास व सुरक्षा बढ़ाए केंद्र व राज्य सरकार : कोर्ट

मणिपुर हिंसा

एजेंसियां, नयी दिल्ली/इंफाल

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को जातीय हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा बढ़ाने, उन्हें राहत सामग्री मुहैया कराने और उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा. साथ ही न्यायालय ने उपासना स्थलों की सुरक्षा करने का भी निर्देश दिया, जिनमें से कई को हिंसा के दौरान निशाना बनाया गया है. प्रधान न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हिंसा के बाद की स्थिति को मानवीय समस्या बताते हुए कहा कि राहत शिविरों में उपयुक्त इंतजाम किये जाएं और वहां शरण लेने वाले लोगों को भोजन, राशन तथा मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं. पीठ ने कहा कि हम जानमाल को हुए नुकसान को लेकर बहुत चिंतित हैं. वहीं, केंद्र और राज्य की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हिंसा से निपटने के लिए उठाये गये कदमों से पीठ को अवगत कराया. पीठ ने मेहता की दलीलें सुनने के बाद हिंसा से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई 17 मई के लिए निर्धारित कर दी और केंद्र तथा राज्य को एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया.

विशेष उड़ानें संचालित कर रहीं कंपनियां

हिंसाग्रस्त मणिपुर में फंसे लोगों को उनके घर पहुंचाने के लिए विमानन कंपनियां इंफाल से विशेष उड़ानों का संचालन कर रही हैं. इन कंपनियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के बावजूद टिकटों के दाम काबू से बाहर नहीं हुए हैं. एएक्सआइ कनेक्ट मंगलवार को इंफाल से गुवाहाटी के लिए एक उड़ान देगी.

दूसरे दिन भी कर्फ्यू में ढील सामान्य हो रहे हालात

हिंसा प्रभावित मणिपुर में दूसरे दिन सोमवार की सुबह कुछ घंटों के लिए कर्फ्यू में ढील दी गयी . इसके साथ ही जनजीवन धीरे–धीरे सामान्य होने लगा है . गत दो दिनों से राज्य में कोई अप्रीय घटना नहीं हुई है . इधर, सेना के ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के जरिये स्थिति पर नजर रखी जा रही है .

Ahinsa Exp, Varanasi, (UP)

नगर पंचायत चुनाव को लेकर अनपरा नगर पंचायत में फ्लैग मार्च

अहिंसा एक्सप्रेस

सोनभद्र । जिले के अनपरा थाना क्षेत्र में होने वाले नगर पंचायत के चुनाव को देखते हुए आज अनपरा पुलिस व पिपरी क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स के सिपाहियों ने क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने की लोगों से अपील की। बता दें कि अनपरा थाने से पैदल गस्त और फ्लैग मार्च कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसमें क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल, अनपरा थाना प्रभारी नागेश सिंह व थाने की फोर्स के साथ ही साथ 91वीं आरएएफ के नेतृत्व में अनपरा के नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए पैदल गस्त किया गया। आरएएफ के जवानों में महिला बल के साथ ही साथ पुरुष द्रुत कार्य बल के जवानों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। अनपरा थाने से फ्लैग मार्च शुरू होकर रेहटा गाँव, ककरी, रेनुसागर, अनपरा बाजार के साथ-साथ सारे नगर भ्रमण करते हुए डीबुलगंज होते हुए अनपरा थाने पर जाकर संपन्न हुआ।

अनपरा पुलिस व आरएएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च